# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**परियोजना का नामः–जनपद चमोली में पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज–XVIII के अन्तर्गत बूंगीधार–मेहलचौरी–बछुवाबाण मोटर मार्ग किमी0 12 से कोलानी लिंक मोटर मार्ग का निर्माण।**

आज दिनाँक 27/12/2018 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अनर्तगत ग्रामीण निर्माण विभाग पी0एम0जी0एस0वाई0 कर्णप्रयाग के द्वारा बूंगीधार–मेहलचौरी–बछुवाबाण मोटर मार्ग किमी0 12 से कोलानी लिंक मोटर मार्ग बनाये जाने वाले मोटर मार्ग हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री हरीश नेगी (वन क्षेत्राधिकारी) गंगा प्रसाद (वन दरोगा), राजस्व विभाग की ओर से श्री संदीप सिंह (राजस्व उप निरीक्षक माइथान), प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री नीरज चन्द्र ओली सहायक अभियन्ता, श्री जगवीर (कनिष्ठ अभियन्ता), श्री जेवेन्द्र सिंह बर्तवाल (अमीन) तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्री दामोदर प्रसाद जोशी ग्राम प्रधान कोलानी , श्री केदार सिंह, श्री नरेन्द्र, सिंह श्री कुलानन्द आदि ग्रामवासियों के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ संमरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक संमरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो संमरेखन सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें नाप भूमि 2150.00मी0 सिविल भूमि से 2750.00मी0 तथा आरक्षित वन भूमि 200.00मी0 लम्बाई में प्रभावित होगी एवं इस संमरेखण के चयन में कुल **2.055है0 नाप भूमि**(1.935है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.120है0 डम्पिंग जोन हेतु), कुल **2.595है0 सिविल भूमि**( 2.475है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.120है0 डम्पिंग जोन हेतु), तथा कुल **0.180है0 आरक्षित वन भूमि** की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल **2.775 है0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी ।

इस समरेखन पर लगभग **370** वृक्ष, जो कि चीड, बॉज, बुरॉश, काफल, पदम, अंयार, एवं मेहल प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे। जिनमें से **199** बांज प्रजाति के वृक्ष प्रभावित होंगे। जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| भूमि का प्रकार | 0–10 तक व्यास के बांझ वृक्षों की संख्या | 10 से अधिक व्यास के बांझ वृक्षों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|
| आरक्षित वन भूमि | 03 | 04 | 07 |
| सिविल भूमि | 24 | 89 | 113 |
| नाप भूमि | 14 | 65 | 79 |

अन्य प्रजातियों के वृक्षों का विवरण निम्न प्रकार से है–

| भूमि का प्रकार | 0–10 तक व्यास के अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या | 10 से अधिक व्यास के अन्य प्रजाति के वृक्षों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|
| आरक्षित वन भूमि | — | 04 | 04 |
| सिविल भूमि | 07 | 97 | 104 |
| नाप भूमि | 12 | 51 | 63 |

उपरोक्तानुसार वन भूमि में प्रभावित होने वाले वृक्ष जिनका व्यास 10 से अधिक है की कुल संख्या 310 है, जिसमें से 158 वृक्ष बांझ प्रजाति के हैं। मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव 09.00मी0 चौडाई में तैयार किया गया है तथा वृक्षों की गणना 9.00 मी0 की चौडाई में की गयी है। वृक्षों का विवरण संलग्न है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि 1700मी0 सिविल भूमि से 3150मी0 तथा आरक्षित वन भूमि 700मी लम्बाई में प्रभावित होगी एवं इस संमरेखण के चयन में कुल **1.53है0 नाप भूमि**(1.41है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.120है0 डम्पिंग जोन हेतु), कुल 2.835**है0 सिविल भूमि**(2.715.है0 मोटर मार्ग निर्माण हेतु तथा 0.120है0 डम्पिंग जोन हेतु),तथा कुल **0.630है0 आरक्षित वन भूमि** की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल **3.465 है0** भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर लगभग **412** वृक्ष (चीड, बॉज, बुरॉश, काफल, पदम, अंयार, एवं मेहल) इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है। चयनित उपयुक्त संमरेखण, सिविल सोयम भूमि व आरक्षित वन भूमि से गुजरेगा। इन कक्षों में चीड, बॉज, बुरॉश, काफल, पदम, अंयार, एवं मेहल प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि में वृक्षो की संख्या 228 हैं।

चुने गये संमरेखण का प्रारम्भ होने के स्थल का का जी0पी0एस0 मान 29°57'08·86"N- 79°24'26·21" E है, तथा यह स्थल राज्य राजमार्ग के कि0मी0 बूगीधार मेहलचोरी बछुवाबाण मोटर मार्ग के कि0मी0 12 से प्रारम्भ होता है। तथा संमरेखण का अन्तिम स्थल ग्राम कोलानी है। जिसका जी0पी0एस0 मान 29°56'32·86N- 79°24'20·36" E है। चुने गये संमरेखण के बीच के स्थानों के जी0पी0एस0 मान

HP Ist 29°56'56·20N- 79°24'10·41E, 29°56'57·66"N- 79°24'26·51"E

H.P IInd 29°56'45·56"N- 79°24'34·05"E, 29°56'44·18"N- 79°24'20·20"E

H.P IIIrd 29°56'51·90"N -79°23'46·57"E, 29°56'41·48"N- 79°24'3·65"E

चयनित संमरेखण में किसी प्रकार के पोधों को अन्य स्थानन्तरित (Translocate) किया जाना आवश्यक नही होगा

चयनित उपयुक्त संमरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है।

चयनित उपयुक्त संमरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा

मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु 06 स्थल उपयुक्त पाये गये है, जिनका जी0पी0एस0 मान निम्न है।

① 29°56'59·49"N - 79°24'26·26"E

② 29°56'54·04"N - 79°24'21·36"E

③ 29°56'52·80N - 79°24'13·72"E

④ 29°56'49·59"N - 79°24'25·50"E

⑤ 29°56'47·10"N - 79°24'22·00"E

⑥ 29°56'53·25"N - 79°23'58·94"E

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| प्रयोक्ता एजेन्सी प्रतिनिधि | वन विभाग प्रतिनिधि | राजस्व विभाग प्रतिनिधि | अन्य दावेदार प्रतिनिधि |
| अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड-कर्णप्रयाग | वन क्षेत्राधिकारी लोहबा रेंज गैरसैंण (चमोली) | राजस्व निरीक्षक क्षेत्र ... तह ... जिला ... (उत्तराखण्ड) | प्रधान ग्राम पंचायत कोलानी ... गैरसैंण (चमोली) |